ट्रेन परिचान प्रभावित: चंदौली में    पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव : › दिनभर उमस P04    आरसीबी ने केकेआर को छह विकेट से हराया

# सीबीएसई: 12वीं में कम छात्र पास हुए

## परिणाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। इस साल 85.20 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है।

सीबीएसई के अनुसार इस साल 17,68,968 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 85.20 प्रतिशत यानी 15,07,109 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 2025 में 16,92,796 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें 88.39% यानी 14,96,307 उत्तीर्ण हुए थे इनका पास फीसद 88.39 था।

› सीबीएसई परिणाम P06-08

## 99.6 % अंकों के साथ सोनाक्षी ने किया कानपुर टॉप



कानपुर। सीबीएसई 12वीं के परिणाम में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की छात्रा सोनाक्षी गोयल 99.6 फीसदी अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। सोनाक्षी को नेशनल टॉपर लिस्ट में शामिल है। वह साइंस (पीसीबी) वर्ग की छात्रा है। इसी विद्यालय की छात्रा अक्षरा सिंह और गौरी जायसवाल 98.6 प्रतिशत अंक लाकर सफल रहीं। › ब्योरा P06

## पांच साल के परिणाम पर नजर

| वर्ष | कुल | छात्राएं | छात्र |
|---|---|---|---|
| 2026 | 85.20 | 88.86 | 82.13 |
| 2025 | 88.39 | 90.71 | 86.12 |
| 2024 | 87.98 | 91.52 | 85.12 |
| 2023 | 87.33 | 90.68 | 84.67 |
| 2022 | 92.71 | 94.54 | 91.25 |

(नोट : उत्तीर्ण प्रतिशत)

## 90% से ज्यादा अंक पाने वालों में भी गिरावट

सीबीएसई के अनुसार, 90 और 95 प्रतिशत या इससे अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या में भी इस बार गिरावट दर्ज की गई है। इस बार 94,028 छात्रों ने 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं। यह कुल परीक्षार्थियों का 5.32 प्रतिशत है। वहीं, 0.97 प्रतिशत यानी 17,113 छात्रों ने 95 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। वर्ष 2025 में 24,867 छात्रों ने 95 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए थे। इसी तरह 1,11,544 छात्रों ने 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए थे।

एलन हाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन के छात्रों का सीबीएसई बोर्ड के 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। अन्वेषा यादव ने 97.2 फीसदी अंक लाकर पहला स्थान पाया। अंशिका खन्ना ने 96.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधन की ओर से जश्न मनाया गया।

डीपीएस आजाद नगर के बच्चों का रिजल्ट भी बेहतर रहा। यहां की याशिका जैन ने 97.6 (ह्यूमेनिटीज)अविका सिंह ने 97.4 (साइंस), अक्षिता खंडेलवाल ने 97.2 (ह्यूमेनिटीज) अंक हासिल किए। संस्थापक आलोक मिश्रा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद का इंटर का परिणाम आने के बाद स्कूलों से लेकर घरों तक रहा जश्न का माहौल

# फिर चमका बेटियों का सितारा, बेटों को पछाड़ा

### शाबाश

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) की 12वीं का परिणाम बुधवार को घोषित हो गया। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की सोनाक्षी गोयल 99.6 (साइंस-बायो) टॉपर रही। मेरिट लिस्ट के ज्यादातर स्थानों पर उसका कब्जा रहा। ह्यूमेनिटीज वर्ग के अलावा साइंस-बायो का परिणाम तो बेहतर रहा लेकिन साइंस-मैथ्स और कॉमर्स अपेक्षा के अनुकूल नहीं रहा। बेटियां एक बार फिर बेटों से आगे रहीं। डीपीएस आजाद नगर, डीपीएस कल्याणपुर, केडीएमए और एलेनहाउस ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।


खराब मौसम के बीच सायंकाल जब परीक्षा परिणाम घोषित हुए तो घंटों सर्वर ने छकाया। परिणाम पहले डिजिलॉकर में आए उसके बाद स्कूल और बोर्ड की साइट पर घोषित हुए। इसका परिणाम यह निकला कि मेधावी सभी छात्र-छात्राएं अपने स्कूलों के कैंपस में जश्न मनाने नहीं पहुंच सके। फिर भी देर से पहुंचे बच्चों ने अपनी जीत पर खुशी का इजहार किया।

सीबीएसई में अंकों की बौछार होती थी लेकिन वर्ष 2026 में रीजन का परिणाम 2025 के मुकाबले कम हो गया। लखनऊ रीजन का परिणाम 82.21 प्रतिशत रहा। यह विगत वर्ष के मुकाबले 3.19 फीसदी कम है। रीजन में बेटियों का प्रतिशत 86.30 प्रतिशत और बालकों का 79.23 प्रतिशत रहा। शहर की मेरिट में भी बेटियों के नाम की भरमार रही। ह्यूमेनिटीज वर्ग का परिणाम सबसे अच्छा रहा। शहर में बेटियां 90 फीसद जबकि 86 फीसद बेटों ने बाजी मारी।

**86.30**
प्रतिशत छात्राएं रीजन में पास तो 79.23 छात्रों ने मारी बाजी

विज्ञान वर्ग में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो (पीसीबी) वर्ग का परिणाम फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स (पीसीएम) के मुकाबले बेहतर रहा। पर पीसीएम में व्यक्तिगत स्कोर काफी कम रहा। इन छात्रों को 95 फीसदी के पार जाना भी मुश्किल रहा। ओवरऑल अच्छा रिजल्ट न रहने की वजह अंग्रेजी और मैथ्स में मिले कम अंकों को बताया जा रहा है। चीना पब्लिक स्कूल घाटमपुर के छात्र शाश्वत सिंह ने फिजिक्स में 97, केमिस्ट्री में 98, बायो में 99, सीएस में 100 और फिजिकल एजुकेशन में 99 अंक मिले। पर अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त हुए। ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण रहे। ऐसे परिणाम के कारण पीसीएम के छात्रों के चेहरों पर थोड़ी मायूसी दिखी लेकिन शिक्षकों ने उन्हें मोटीवेट किया।

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने शहर को टॉपर दिया। डीपीएस बर्रा के कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उल्लासपूर्ण था। वर्ष 2025-26 का विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। डॉ. वीएसईसी श्याम नगर में श्रुति सिंह ने 98 फीसदी अंक प्राप्त किए। आर्मी स्कूल में रुचि सिंह 94.6 फीसदी अंक पाए। डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में सौम्या गौतम ने 97 फीसदी अंक प्राप्त किए। डीपीएस कल्याणपुर के 31 छात्रों ने विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बताया कि सोनाक्षी गोयल ने चार विषयों में 400 में 400 अंक हासिल कर राष्ट्रीय साइंस टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। गौरवी और अक्षरा सिंह ने 98.6, देवादित्य गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक पा शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया और वर्षा सिंहानिया, डायरेक्टर पार्थो पी कर ने शुभकामनाएं दीं।

## जुड़वा बहनों ने 97-96% अंक ला मां को किया याद

कानपुर। हादसे में मां के निधन के बाद भी जुड़वा बहनों ने हिम्मत नहीं हारी और उनकी इच्छा को आखिरकार पूरा कर दिया। सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में डीपीएस बर्रा की छात्रा अमृता अग्रवाल ने 97 प्रतिशत और उनकी जुड़वा बहन अनामिका अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर मां पिंकी अग्रवाल को याद किया। शिवकटरा निवासी व्यापारी मनोज कुमार अग्रवाल की पत्नी पिंकी अग्रवाल का वर्ष 2020 में सड़क हादसे में निधन हो गया था। उनका सपना था कि दोनों बेटियां अच्छे अंक हासिल कर इंजीनियर बनें। मां के इसी सपने को साकार करने के लिए दोनों बहनें जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं जबकि दोनों बहनों की देखभाल बड़े भाई ऋषभ अग्रवाल कर रहे हैं। अमृता और अनामिका ने बताया कि उन्होंने बिना कोचिंग के सेल्फ स्टडी के जरिए सफलता हासिल की। इंटर परीक्षा की तैयारी के लिए वह रोज पांच से छह घंटे पढ़ाई करती थीं। सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखती हैं और जरूरत पड़ने पर ही पढ़ाई संबंधी जानकारी के लिए इसका उपयोग करती हैं।